प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 28.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम **मन की बात** की इस साल की अंतिम कडी में अपने विचार साझा कियें श्री मोदी ने इसमें साल 2025 की उपलब्धियों और गर्व के पलों पर कहा कि इससे देश को नया आत्मविश्वास मिला हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बना हैं इसके साथ ही उन्होंने कुम्भ **और** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में ध्वजारोहण, स्वदेशी और आत्मनिर्भर अभियान तथा खेलों के लिहाज से भी 2025 को यादगार साल बतायां नये साल 2026 की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से फिट रहने के लिए नियमित व्यायाम करने का आग्रह कियां प्रधानमंत्री ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रीसर्च–यानी आईसीएमआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि लोग बिना सोचे समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन कर रहे हैं ये गम्भीर चिंता का विषय हैं उन्होंने कहा कि इन दवाईयों का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिएं

................................

देश की युवा शक्ति की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय युवाओं में कुछ नया करने का जुनुन हैं स्मार्ट इंडिय हैकेथॉन के मंच पर भी युवाओं को प्रतिभा दिखाने के अवसर मिले हैं उन्होंने ट्रेफिक, डिजिटल बैंकिंग और साईबर सिक्योरिटी की कई चुनोतियों पर सटिक सुझाव दिए हैं श्री मोदी ने युवाओं से विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में शामिल होने का आग्रह कियां

................................

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पारम्परिक कलाओं, पारम्परिक खेती, कच्छ रण महोत्सव की ओर भी लोगों का ध्यान आकर्षित कियां अगले महीने आने वाले 77वें गणतंत्र दिवस का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसरों पर मन स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के प्रति कर्तज्ञता से भर जाता हैं श्री मोदी ने कहा कि हमें अपनी विरासत को भूलना नहीं चाहिए और आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले लोगों की गाथाओं को अगली पीढी तक पंहुचाना चाहिएं

................................

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों की परिभाषा में हाल ही में हुए बदलाव से उत्पन्न चिंताओं पर स्वतः संज्ञान लिया हैं मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की अवकाशकालीन पीठ कल इस मामले पर सुनवाई करेगीं सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप अरावली पहाड़ियों की पुनर्परिभाषा को लेकर हुए जनविरोध के बाद आया हैं

................................

पहाडी इलाकों में हो रही बर्फबारी और उत्तरी हवाओं के असर से प्रदेश के कई जिलों में तापमान में गिरावट आई है और ठंड का प्रकोप बढ़ गया हैं 13 शहरों में आज न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे और 25 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड हुआं बीती रात सीकर का फतेहपुर 2 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे सर्द रहां शेखावाटी अंचल में सुबह ओस की बूंदे जम गई और कडाके की ठंड रहीं धूप में तेजी नहीं होने के कारण दिन में भी सर्द हवायें गलन का एहसास करा रही हैं मौसम विभाग ने आज चूरू, सीकर, झुंझुनूं और अलवर में शीतलहर की चेतावनी जारी की हैं

................................